सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 21 आषाढ़, 1945 (श०) / 12 जुलाई, 2023 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 164

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | - | - | 103 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | - | - | 16 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | - | - | 06 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | - | - | 22 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | - | - | 07 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | - | - | 05 |
| (7) | श्रम संसाधन विभाग | - | - | 02 |
| (8) | भवन निर्माण विभाग | - | - | 03 |
| | | | कुल योग -- | 164 |

### पुल का निर्माण

*130. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन विधान सभा के प्रखंड किशनगंज में बेलवा एवं गाछपारा पंचायत होकर रमजान नदी गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के काशीपुर, बाघमोहर और लोहाडांगा में पुल का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रमजान नदी के काशीपुर, बाघमोहर एवं लोहाडांगा में पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### भवन का निर्माण

*131. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तगत गोगरी प्रखंड कार्यालय का भवन अत्यन्त पुराना होने के कारण जर्जर हो गया है, जिससे आमलोगों के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय कर्मियों को भी कार्य करने में परेशानी होती है, जबकि प्रखंड कार्यालय के पास पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार गोगरी प्रखंड कार्यालय के लिये नये भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### आवागमन चालू कराना

*132. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत पंजवारा और गोड्डा (झारखंड) एन0एच0 सड़क में चीर नदी पर पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिसका प्राक्कलित राशि 30 करोड़ रुपये है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल निर्माण हेतु डायवर्सन तैयार किया गया है, जो काफी संकरा है, जिससे बड़ी गाड़ियों का आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त डायवर्सन का चौड़ीकरण कर डायवर्सन बोर्ड लगाकर बड़ी गाड़ियों का आवागमन कबतक सुचारू रूप से चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### कार्रवाई करना

*133. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल-बायसी (पूर्णियाँ) अन्तर्गत अमौर प्रखंड के रायबरे पी0डब्लू0डी0 रोड से पोखरिया जाने वाली सड़क का निर्माण वर्ष 2022 में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुसार नहीं कराया गया है, जिसके कारण कालीकरण उखड़ गया और सड़क के बीचो-बीच घास भी उग गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संवेदक के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लाभ देना

*134. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले में वर्ष 2011 से मनरेगा योजना अन्तर्गत कार्यरत पंचायत तकनीकी सहायक एवं पंचायत रोजगार सेवकों के मानदेय से कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) की कटौती कर खाते में जमा करने की कार्रवाई की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) की कटौती किये पैसे को पंचायत तकनीकी सहायक एवं पंचायत रोजगार सेवकों के अब वापस कर उन्हें EPF लाभ से वंचित किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनरेगा योजना अन्तर्गत कार्यरत पंचायत तकनीकी सहायक एवं पंचायत रोजगार सेवकों को कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*135. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बोरवाड़ा प्रखंड में पी0एम0जी0एस0वाई0 योजना द्वारा ग्राम-भाउड़ से पकटोला पथ का निर्माण ग्रामीण कार्य प्रमंडल, पुपरी के कार्य क्षेत्र में संवेदक कमलापति गोवरसही चौक, भगवानपुर, मुजफ्फरपुर द्वारा ढाई (2.5) वर्ष पूर्व कराया गया है, जिसकी लम्बाई 6.267 किलो मीटर तथा प्राक्कलित राशि 3,86,35,909 रुपये है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण प्राक्कलन के अनुसार नहीं कराया गया है, निर्माण कार्य में जी0एस0बी0 (ग्रेगुलर सब बेस) में मेटल की मात्रा न के बराबर तथा मिट्टी मिला बालू एवं कालीकरण में विटबीन की मात्रा कम होने के कारण सड़क छः माह के अन्दर ही जर्जर हो गई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य में हुई अनियमितता की जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*136. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर कार्य प्रमंडल के अधीन कुछ महत्वपूर्ण सड़कें जैसे MDR TO3 से गोरदह, MDR TO3 से गोरियारी शर्मा टोला, X रोड से LO26 से गोरियारी, मुरली चौक, एन0एच0 107 से खुरेसान, तेलिया हाट से लक्ष्मीनियाँ एवं तिलाठी से मंझवा तक बनने वाली सड़कों का निर्माण कार्य संबद्ध अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, भागलपुर की लापरवाही के कारण प्राक्कलन के पुनरीक्षण में हो रहे अनावश्यक विलम्ब की वजह से बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार लापरवाह अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*137. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड में स्थित जियर तालाब का व्यापक जीर्णोद्धार हेतु लघु सिंचाई प्रमंडल, नालन्दा अन्तर्गत निविदा आमंत्रण संख्या 05/20217-22 (ग्रुप संख्या 2) में टोटल 13 (तेरह) संवेदक भाग लिये थे, जिसमें दो संवेदक हाई Tender भरे हुये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार कुल 11 (ग्यारह) संवेदकों में ही लॉटरी होना था, परन्तु विभागीय इंजीनियर ने मिलीभगत कर 13 संवेदकों का लॉटरी कराया गया है, जो नियमानुकूल नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त लॉटरी को रद्द कर दोबारा नियमानुकूल लॉटरी कराते हुये दोषी अफसरों को दंडित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*138. डॉ0 निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत कटोरिया प्रखंड के मनिया पंचायत में रिखीया राजदह रोड में धानवरण के पास एवं करझौसा मुख्य सड़क में सठीयारी के पास तथा बसमत्ता पंचायत के मालबथान, जमदाहा रोड में डहुआ घाट एवं दादनगर के बीच नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से अनेकों गांव के ग्रामीणों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे ग्रामीण जनता को सदैव आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*139. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है वैशाली जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, महुआ में एल0 37 राजापाकर, यादव टोला से नारायणपुर बुजुर्ग तक की सड़क का निर्माण कार्य आरम्भ होने की तिथि 29 मार्च, 2023 थी, परन्तु उक्त सड़क का अभीतक कार्य आरम्भ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*140. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखंड के पर्रा पंचायत के ग्राम-संरौजा में कुरनमा नदी पर अवस्थित पुल जर्जर स्थिति में होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है तथा राहगीरों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*141. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत झंझारपुर अनुमंडल स्थित झंझारपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का भवन जर्जर होने के कारण आमजनों एवं कर्मचारियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, जबकि परिसर में भवन निर्माण हेतु भूमि की पर्याप्त उपलब्धता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा अनेकों प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार झंझारपुर अनुमंडल स्थित प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय हेतु नया भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*142. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलांतर्गत शाम्हो, अकहा, कुरहा प्रखंड अंतर्गत अकबरपुर बरारी पंचायत के पथला टोला एवं झगड़ाहा, जगनसैदपुर के बसावट को अभीतक मुख्य पथ से नहीं जोड़े जाने के कारण बरसात के समय में यहां के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों बसावटों को मुख्य पथ से जोड़ने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*143. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत हसपुरा प्रखंड के हसपुरा से अमझर शरीफ होते हुए देवकुंड तक तथा गोह प्रखंड के गोह गया पथ से चपरा तक की सड़क पिछले 20 वर्षों से उपेक्षित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अमझर शरीफ मजार तथा देवकुंड बाबा दूधेश्वर मंदिर जाने का यह एकमात्र रास्ता है, जो पर्यटक की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*144. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के गोरीयामी पंचायत के ग्राम-संझौती में म0वि0, संझौती से लेकर वागमती नदी किनारे स्थित पुल तक 10 कि0मी0 सड़क जर्जर स्थिति में है, जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क निर्माण

*145. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत कल्याणपुर प्रखंड के दिलावरपुर पंचायत के अंतर्गत हरिशंकर सिंह के घर से एनपीएस बलमी सिरसिया तक सड़क नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हरिशंकर सिंह के घर से एनपीएस बलमी सिरसिया तक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*146. श्री रण विजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मुरादपुर बंगरा पंचायत के वार्ड नं० 8 में राजेन्द्र दास के घर से वार्ड नं० 7 में माचंद माँझी के घर तक लगभग एक कि०मी० सड़क जर्जर हो जाने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का निर्माण

*147. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड आमस के ग्राम पंचायत सावकला के ग्राम-महापुर के विशुन यादव के घर से जी०टी० रोड होते हुये बड़की पुल नदी तक नाला नहीं रहने से घरों का अपशिष्ट जल सड़कों पर ही बहाया जाता है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर नाला का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*148. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखण्ड में मेधौना पंचायत के खोन मुशहरी महादलित टोला से सनोखर तक 5 कि०मी० सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क नये सिरे से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*149. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत चांपी के बूढ़ी नदी से ग्राम-समदा तक एवं ग्राम पंचायत-बेला के ग्राम-बेला से ग्राम-मोहिउद्दीनपुर तक की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*150. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा के मुरलीगंज प्रखंड के रामपुर पंचायत में एन०एच० 107 से बेलदौर वितरणी के पूर्वी बाँध तथा उप-केन्द्र महतो के घर के आगे से होते हुये रामदेव राम के घर तक जानेवाली कच्ची सड़क का पक्कीकरण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाती है, तथा आवासित लोगों को आवागमन में कठिनाई झेलनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क जो पूर्वी बाँध पर निर्मित है, का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*151. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बगहा विधान सभा अन्तर्गत ग्राम नड्डा से भरोगंज पथ जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ को बनाने हेतु विभाग के ज्ञापांक प्र०7/निविदा 3-38/2021 (975)(3), दिनांक 13 फरवरी, 2023 के द्वारा निविदा का मूल्यांकन समिति द्वारा अनुशंसा करते हुये M/s नारायणी निर्माण को तकनीकी बीड् से सफल घोषित किया गया ;

(3) क्या यह बात सही है कि M/s नारायणी निर्माण का वित्तीय निविदा फाइनल करते हुये फरवरी 2022 को इस पथ का कार्य प्रारंभ करने का आदेश भी मूल्यांकन समिति के द्वारा दे दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नड्डा भरोगज पथ को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

लाभ देना

*152. श्री प्रेम कुमार (क्षेत्र संख्या-230 गया टाऊन)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 अप्रील, 2023 को प्रकाशित शीर्षक "निबंधित मजदूरों को योजनाओं का लाभ नहीं" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार भवन सन्निमार्ग कर्मगार कल्याण बोर्ड में 21 लाख से अधिक कामगार निबंधित है, इनमें 10 प्रतिशत कामगारों को सरकारी लाभ नहीं मिला है, जबकि बोर्ड में कामगार को निबंधित कर सरकारी योजना का लाभ देना है, लेकिन निबंधन के समय कामगोरों को सरकारी योजना की जानकारी का अभाव और जटिल कागजी प्रक्रिया के कारण कामगार को योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार निबंधित कामगारों को योजनाओं की जानकारी एवं कागजी प्रक्रिया को सरल बनाकर कामगारों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का पक्कीकरण

*153. श्री इजहारुल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखण्ड के कोलथा पंचायत में पोठिया चौक से पतीलाभाषा जाने वाली मुख्य सड़क में मुस्लिम की दुकान से पोठिया बस्ती सगीर सरंपच के घर तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*154. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह प्रखण्ड के मलदह पंचायत ग्राम नान्हू बीघा तक बाजार वर्मा पंचायत के ग्राम दोवाल जो सोन उच्च स्तरीय टेकरी कैनाल नहर के पास स्थित है, कैनाल पर पुल नहीं रहने से गाँव के लोगों को नहर पार कर आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम नानू बिगहा तथा ग्राम दोवाल के सामने नया और चौड़ा पुल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*155. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड विधान सभा के चोरौत प्रखंड के ग्राम चिकना में रायजी टोला से रसलपुर सीमा तक सड़क नहीं है, जिसके कारण आमजनता को अवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इस पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*156. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अंतर्गत रामपुर मोहनपुर पश्चिमी पंचायत के बाकर टोला से डम्हेली तक सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, खास कर बरसात के दिनों में लोगों को प्रखंड एवं जिला मुख्यालय आने-जाने के लिये दस किलोमीटर अत्यधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नलकूप चालू कराना

*157. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के ग्राम-बभनगामा के दियारा क्षेत्र में फेज-2 के अंतर्गत नलकूप लगा है, लेकिन बिजली आपूर्ति के अभाव में अभीतक यह चालू नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नलकूप चालू नहीं होने से किसानों को सिंचाई हेतु पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसानों का फसल बर्बाद हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बिजली की आपूर्ति कर किसानों के हित में नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*158. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल के सिकरहना ढाका अंतर्गत चिरैया प्रखंड के चिरैया चौक बस स्टैंड चिरैया से अहिरौलिया होते हुये सेमरा तक सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चिरैया बस स्टैंड से अहिरौलिया होते हुये सेमरा तक के सड़क निर्माण कार्य हेतु DPR पत्रांक 741, दिनांक 1 जून, 2022 को समर्पित होने के बावजूद भी आजतक प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण कार्य हेतु प्रशासनिक स्वीकृति कबतक प्रदान कर सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण

*159. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के सालमारी बाजार जो एक प्रमुख बाजार है, बरसात के दिनों में मुख्य सड़क एवं उक्त बाजार में पानी भर जाने के कारण तालाब की भांति प्रतीत होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अपग्रेडेड ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कराकर उक्त बाजार को जल-जमाव की समस्या से कबतक मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*160. श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत एकमा प्रखंड में ग्रामीण कार्य विभाग एम०आर०-3054 योजनान्तर्गत पथ का नाम-टी 05 से इटहरी का कार्य हुआ है, जो प्राक्कलन के विपरीत घटिया सामग्री से कार्य किया गया है, जिसके फलस्वरूप सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी संवेदक एवं अधिकारी पर कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का पक्कीकरण

*161. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में लोहरा पंचायत के अरथुआं लोहरा रोड से धनावा कैलाशपुर तक लगभग 3 कि०मी० कच्ची पथ है, जिसका पक्कीकरण नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*162. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बगहा विधान सभा के कतिपय पंचायतों यथा-रायबरी महुअवा, झारमहुई, सिसवा बंसतपुर के दर्जनों गाँव प्रतिवर्ष मसान नदी द्वारा हो रहे कटाव एवं बाढ़ से प्रभावित होते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँध एवं कटाव का स्थायी समाधान नहीं होने के कारण उक्त पंचायतों में निवास करने वाले ग्रामीणों का जीवन बरसात के दिनो में नारकीय हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाँध एवं कटाव के स्थायी समाधान हेतु रायबारी महुआवा से महुई पंचायत के बीच सड़क में पुल निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सिल्ट हटाना

*163. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सदर प्रखंड में सारण नहर अवस्थित है, जिसकी क्षमता 1635 क्यूसेक पानी लेने की है, परन्तु सिल्ट जम जाने के कारण उक्त नहर की क्षमता 450 क्यूसेक ही रह गयी है, सिजसे इस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर के सिल्ट को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

फुटपाथ निर्माण

*164. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एस0एच0 4, गया, हुलासगंज, इस्लामपुर पथ (नालन्दा जिला में पड़ने वाला हिस्सा) के किनारे राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (इंजीनियरिंग कॉलेज), हुलासगंज, जहानाबाद स्थित कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने सड़क के दोनों तरफ रोड ब्रेकर, फुटपाथ निर्माण एवं प्रकाश की व्यवस्था नहीं रहने के कारण हमेशा आमजन को दुर्घटना का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने सड़क के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर, फुटपाथ निर्माण एवं प्रकाश की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*165. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंड अन्तर्गत बस्तीजलाल पंचायत के एन0एच0 19 स्थित शीतलपुर पुरानी बाजार से रेलवे अंडर पास होकर चंदा प्रसाद के घर होते हुये एन0एच0 19 तक सड़क जर्जर अवस्था में होने के कारण सड़क के दोनों ओर के आवासित लोगों एवं राहगीरों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*166. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड के मझवारी पंचायत में डुमरी मेन रोड से मकुन्दपुर तक 1.5 किलो मीटर सड़क नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मकुन्दपुर महादलित बस्ती की आबादी 5000 है, पर आवागमन के लिये आजादी के 75 वर्षों के बाद भी उक्त ग्राम में सड़क नहीं बना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ग्राम में नये सिरे से सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना क्रियान्वित करना

*167. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण के बाल्मिकीनगर से समस्तीपुर के दलसिंहसराय तक तिरहुत नहर का निर्माण हो रहा है जिसमें मोरवा विधान सभा क्षेत्र के ताजपुर एवं मोरवा प्रखंड के कई पंचायत आच्छादित हो रहे है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिले के ताजपुर प्रखंड अन्तर्गत फतेहपुर वाला पंचायत में उपरोक्त नहर का निर्माण जमुआरी नदी के बगल से होकर गुजरने से इस क्षेत्र के बड़े हिस्से में जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र से जल निकासी के समाधान हेतु कौन-सी कार्य योजना कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*168. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखंड अन्तर्गत अनादीपुर, संगीतबैता मुख्य सड़क से नयानगर गंगलदय बैजू टोला होते हुये बर्निंग घाट मुख्य सड़क तक सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण ग्रामवासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*169. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ईशुआपुर प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में मनरेगा से बाँध, सड़क, पईन, निजी एवं सरकारी पोखरा एवं अन्य कार्य गलत प्राक्कलन बनाकर सरकारी राशि का बड़े पैमाने पर गबन किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में मनरेगा के तहत कराये गये कार्यों में हुई अनियमितता में संलिप्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*170. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के जाजा ग्राम पंचायत में मुख्य सड़क से हरिपुर नया टोला तक लगभग 1-5 किलो मीटर दूरी में कच्ची सड़क है, जिससे उक्त टोला की लगभग एक हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*171. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा के लदनिया प्रखंड में पी०डब्लू०डी० के तहत परसाही से गरिया, सिरिरामपुर, धंजया होते हुये सन्पतहा तथा टी 01 से कबिलासा पथ में पुल, पुलिया का निर्माण वर्ष 2020 में पूरा किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2020 में उक्त दोनों सड़क एवं पुलिया के निर्माण होने के बावजूद आजतक संवेदक को किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है जबकि उनके द्वारा कई बार आवेदन के माध्यम से भुगतान हेतु विभाग से आग्रह किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लदनिया प्रखंड में निर्माण कराये गये दोनों सड़कों एवं पुल, पुलिया का भुगतान संवेदक को कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*172. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के महाराजगंज कार्य प्रमंडल अन्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड के लिलारू औरंगाबाद पंचायत के खग्नी आर०डब्लू०डी० पथ से गोपालपुर तक (मोबाईल सर्वे आई०डी०-23260) एवं सिसई पंचायत के गोरेयाकोठी, अफराद पथ से सिसई मौजे (मोबाईल सर्वे आई०डी०-30244) तक जानेवाली कच्ची सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है, जिसके कारण सड़क पर दुर्घटनाएं होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*173. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अंतर्गत रामपुर मोहनपुर पश्चिमी पंचायत के अररिया कुर्साकांटा सड़क से रंगदाहा जाने वाली सड़क में एवं अररिया कुर्साकांटा सड़क से रामपुर पूर्वी जाने वाली सड़क में पाकड़ पेड़ के निकट पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों वर्णित स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशासनिक स्वीकृति देना

*174. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है पूर्णियां जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल धमदाहा में एल 0.25 महिखण्ड मिलिक से देवरी पथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत विगत पांच वर्ष पूर्व बन चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में विषहरिया नदी पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन बाधित है, जबकि इस पुल की डी0पी0आर0 एक वर्ष पूर्व अभियंता प्रमुख ग्रामीण कार्य विभाग पटना को समर्पित है, लेकिन अभीतक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*175. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पी0डब्ल्यू0डी0 कोड के आधार पर संवेदक से एग्रीमेंट किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में चल रही परियोजनाओं में जमीन का बाधा, सामग्री की कमी, बाढ़, बरसात, मजदूरों की कमी दर्शाकर संवेदक एवं अधिकारियों की मिलीभगत से रेट एस्केलेशन के तहत भागलपुर जिला अंतर्गत अगवानी घाट पुल की प्राक्कलित राशि को 1710 से बढ़ाकर 2004 करोड़ तथा भागलपुर के ही सुल्तानगंज की कमरगंज पंचायत के जहांगीरा में बहुद्देश्यीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना की प्राक्कलित राशि को 22 करोड़ से बढ़ाकर 39 करोड़ कर दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो क्या सरकार रेट एस्केलेशन कर राजकोष को क्षति पहुंचाने वाले संवेदक और अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

आर0सी0सी0 पुल का निर्माण

*176. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, धमदाहा के बड़हरा कोठी प्रखंड अन्तर्गत निपनियां पंचायत में विद्यालय के निकट निपनियां धार पर बना लकड़ी का पुल वर्षों से ध्वस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के दोनों ओर ग्रामीण कार्य विभाग का सड़क है, परन्तु पुल ध्वस्त होने के कारण दो पंचायत तथा तीन प्रखंड के जोड़ने वाली सड़क पर यातायात बाधित है, जिससे छात्रों एवं ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ध्वस्त पुल के स्थान पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*177. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में पदाधिकारियों के लिए एक भी सरकारी आवास निर्मित नहीं है, जिसके कारण वहां के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड एवं अंचल पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*178. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड के हरदिया पंचायत के रामपुर घाट तथा बेदौल पंचायत के परसौनी में नदियों में पुलिया नहीं रहने से यातायात प्रभावित हो रहा है तथा उक्त क्षेत्र के आमजनों को नदी की धारा में डूबने का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदियों के घाटों पर पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*179. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर प्रखंड अन्तर्गत दिघी ब्लॉक गेट से उतरी दुर्गा स्थान तक की सड़क के लिए एक वर्ष पूर्व प्राक्कलन बना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दुबारा प्राक्कलन के लिए संबंधित विभाग द्वारा जून, 2022 में पत्र दिया गया था, जो विभाग में लंबित है, जिसके कारण उक्त सड़क के निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुनः प्राक्कलन की स्वीकृति देते हुए सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*180. ई० शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है पूर्वी चंपारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड रमगढ़वा के पंचायत अहाकपरिया के ग्राम मुर्गीया टोला चौक से गाँव होते हुए फुलवरिया बांध चौक तक कच्ची सड़क लगभग 3 किलोमीटर है, जिसका पक्कीकरण नहीं हुआ है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*181. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के प्रखण्ड सुपौल अन्तर्गत ग्राम पंचायत वीणा के वीणा बभनगामा ब्रहमस्थान से सुंदरपुर होते हुये सोनक तक जानेवाली रोडा पक्की नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पथ का पक्कीकरण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*182. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा-करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखण्ड अन्तर्गत खैरा पंचायत स्थित चंदा गाँव से पँचगछिया चौक होते हुये देवीगंज फरही तक जानेवाली पक्की सड़क काफी दिनों से जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आवागमन में हमेशा दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जल-जमाव से निदान दिलाना

*183. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के सिकटा प्रखण्ड के मासवास गाँव में बरसाती नाले में गाद भर जाने के कारण जल-जमाव से 200 एकड़ से अधिक कृषि भूमि की खेती नष्ट हो जाती है, साथ ही पचास से अधिक घरों में पानी घुस जाता है, यदि हाँ, तो सरकार मासवास गाँव की कृषि भूमि और घरों के जल-जमाव का निदान हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क की मरम्मती

*184. श्री हरीभूषण ठाकुर 'बचोल' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत भोजपंडौल गाँव के महेश मंडल के घर से होते हुये पक्का पोखर तक सड़क की स्थिति जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*185. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में NH-139 अम्बा से SH-101 अम्बा देव पथ को बिहार राज्य पथ विकास निगम के द्वारा अधिग्रहित किये जाने के बाद भी निर्माण नहीं होने से इस क्षेत्र की जनता को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

साईफन का निर्माण

*186. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखंड में ग्वालपाड़ा वितरणी नहर के आर०डी० 7 एवं 8 के पास सुरसर नदी के बाढ़ के पानी निकासी हेतु साईफन नहीं होने से ग्वालपाड़ा पंचायत एवं शाहपुर पंचायत के किसानों की हजारों एकड़ में लगी फसल लगभग 25/30 वर्षों से प्रत्येक वर्ष बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार सुरसर नदी के बाढ़ के पानी से उक्त पंचायत में बर्बाद होने वाले हजारों एकड़ फसल का बचाव करने हेतु ग्वालपाड़ा वितरणी के आर०डी० 7 एवं 8 के पास साईफन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

तटबंध का पक्कीकरण

*187. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के मोहनपट्टी गाँव से प्रधानमंत्री सड़क नहर चौक तक के बायाँ तटबंध की सड़क कच्ची व जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण आवागमन में आमलोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर के तटबंध की कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कटाव निरोधक सुरक्षात्मक कार्य

*188. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मधुबनीघाट एवं बरदाहा पंचायत के गिरि टोला, हनुमानगढ़, बंगाली टोला, संतापुर यादव टोला का सिकरहना नदी द्वारा तेजी से कटाव होने के कारण पुराने बसे हुये सैंकड़ों परिवार का जल में समाहित होने का खतरा उत्पन्न हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार गाँव की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक सुरक्षात्मक कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भूमि अधिग्रहण में सुस्ती से सड़क परियोजनाएँ बाधित

*189. श्री प्रेम कुमार (क्षेत्र संख्या-230 गया टाउन)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 मई, 2023 को प्रकाशित शीर्षक "भूमि अधिग्रहण में सुस्ती से सड़क परियोजनाएँ बाधित" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण करने की स्वीकृति और राशि उपलब्ध कराने के बावजूद दरभंगा जिला के एन०एच० 119डी आमस, दरभंगा, छपरा जिला के बाइपास सड़क सहित राज्य के अन्य जिलों में भी भूमि अधिग्रहण कार्य में सुस्ती के कारण राज्य में सड़कों की नई परियोजनाएँ बाधित हो रही है, जिससे समय पर सड़क निर्माण कार्य पूरा करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति एवं राशि उपलब्ध होने के बावजूद सड़क निर्माण की परियोजनाएँ बाधित रहने का क्या औचित्य है ?

पक्कीकरण कराना

*190. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत बेलबनिया मनियारी नदी पर एक हाई लेवल ब्रिज दो साल पहले बना है, जो बेलबनिया से गोपालपुर जाने वाली कच्ची सड़क पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कच्ची सड़क के पक्कीकरण नहीं होने से मधुरा से बेलबनिया होते हुये गोपालपुर के करीब पोखरिया सोमगढ़ रोड एवं जिला मुख्यालय बेतिया जाने के लिये करीब 50000 आबादी को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बेलवनिया हाई लेवल ब्रिज वाली कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*191. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड अतरी के टेउसा-मौलानगर मुख्य पथ से वरकुरा आहर तीनमुहानी मोड़ तक कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वरकुरा आहर तीनमुहानी मोड़ से उत्तर दिशा में हुसेना बिगहा ग्राम तक मात्र एक किलोमीटर की दूरी में सड़क कच्ची रह गई है, जिस कारण आमजनों को आवागमन में परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त एक किलो मीटर दूरी तक की कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*192. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूणियाँ जिलान्तर्गत ईस्ट ब्लॉक के हरदा कबैया स्थित ठाढ़ा बस्ती से भाया श्यामू महादलित टोला मील चौक तक सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण ग्राम वासियों को आवागमन में कठिमाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चैनल की उड़ाही कराना

*193. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा के औकाही ग्राम से महिडगरा घाट, बनगाँव, चैनपुर होते कोपरिया तक निर्मित वाटर चैनल में गाद भर जाने के कारण पानी की निकासी नदी में न होकर किसान के खेतों में जमा रहता है, जिसके कारण प्रतिवर्ष हजारों एकड़ में लगे फसल नष्ट हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चैनल की उड़ाही करवाकर पानी नदी में गिराकर इस क्षेत्र के हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि के फसल को बचाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*194. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड गडहनी के गडहनी ईचरी एवं प्रखंड चरपोखरी के कचहरी टोला कुसुमी सोनवर्षा सड़क का निर्माण अभीतक नहीं हुआ है, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*195. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनिया विधान सभा के डेरवा पंचायत में डेरवा मेउडा मेन रोड से पंवरा गाँव तक आजतक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे उक्त गाँव में सड़क के अभाव में राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में सड़क का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*196. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निविदा संख्या RWD/MMGSY (NDB)/HQ/ET/41/2021-22 तथा निविदा संख्या RWD/MMGSY (NDB)/HQ/ET/44/2022-23 पथ निर्माण कार्य हेतु आमंत्रित की गई थी, जिसका निष्पादन विभागीय नियमानुसार 120 दिनों तक कर लिये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निविदाओं के पैकेज संख्या MMGSY- NDB-BRRP-377-BARSOI तथा MMGSY- NDB-BRRP-379-BARSOI सहित विभाग द्वारा वर्ष 2015 से आजतक आमंत्रित निविदा का निष्पादन निर्धारित समयावधि में नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण प्राक्कलन में प्रावधान किये गये वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होने के कारण निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आमंत्रित निविदा के निष्पादन में विलंब करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये निविदा का निष्पादन ससमय कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*197. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, बलुआ से नरबन्ना बयहार होते हुये राजीव गाँधी सेवा केन्द्र चौक चामा तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*198. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान सभा क्षेत्र के लिये वित्तीय वर्ष 2018-19 में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत एकमुश्त ग्यारह पथों के लिये निविदा निकाली गई, जिसके आलोक में मेसर्स ग्लोबल सोलूशन को यह कार्य आवंटित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मेसर्स के द्वारा प्राक्कलन के आलोक में गुणवत्तापूर्ण कार्य का निष्पादन नहीं किया गया है और ना ही कोई पथ का कार्य पूरा किया गया है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेसर्स द्वारा किये गये कार्यों की गुणवत्ता की जाँच करते हुये संबंधित अभियंताओं/संवेदक आदि पर कार्रवाई करते हुये उक्त पथों का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*199. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा के बाबूबरही ब्लॉक का भवन जर्जर होने के कारण पदास्थापित पदाधिकारी/कर्मचारियों को कार्य के निष्पादन में एवं प्रखंड आने वाले 20 पंचायतों के आमलोगों को भी कार्य कराने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार आम जनहित में बाबूबरही ब्लॉक का नया भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध की मरम्मती

*200. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में देसरी प्रखंड अन्तर्गत चाँदपुरा, बभनगामा से सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के गनियारी तक बाँध का मरम्मती कार्य नहीं होने से वह जर्जर अवस्था में है एवं आवागमन बाधित है, साथ ही बाँध टूटने की स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध का मरम्मती कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*201. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण (पी0एम0ए0वाई0जी0) योजना के अन्तर्गत विभाग के 347 सरकारी कर्मचारियों ने 2.21 लाख लाभार्थियों को बिना आवास का निर्माण पूर्ण कराये ही उनके बैंक खातों में पूरी राशि भेज दी है, लेकिन मकान निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इन अर्धनिर्मित मकानों को पूर्ण कराते हुये दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*202. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में केराप पंचायत के ग्राम-खैरी में, खैरी मोड़ से सलेमपुर तक लगभग 3 किलो मीटर कच्ची पथ है, जिसका पक्कीकरण नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाढ़ रोधक कार्य कराना

*203. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया प्रखंड के ग्राम-बेलवा (पंचायत बसंतपुर), सिसवनिया पंचायत के बरवाकला, तुनियवा टोला (पंचायत मरहिया पकड़ी), गोवरौरा पंचायत के वृति मटियारिया, बघलोचना, बंगाली शरणार्थी कॉलोनी आदि बीस से अधिक गाँवों का बूढ़ी गंडक नदी के बाढ़ से कटाव होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों की बाढ़ कटाव से सुरक्षा के लिये बाढ़ रोधक कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*204. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के डगरूआ प्रखंड से चौहाटी हाट जानेवाली सड़क वर्ष 2017 से जर्जर है एवं उसपर बने पुल एवं पुलिया ध्वस्त हो गये हैं, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को नये सिरे से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से निदान दिलाना

*205. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के आजमनगर पंचायत के श्री कपिलेश्वर प्रसाद लाल बाँध ढाला से प्रभाष चौक, केशरी चौक, अस्पताल चौक, +2 प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, आजमनगर होते हुये धार नदी तक मुख्य नाला एवं आजमनगर बाजार में सहायक नाला नहीं रहने के कारण सड़क पर सालों भर पानी जमा रहता है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थानों पर नाला निर्माण कबतक कराकर जल-जमाव की समस्या से राहत दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*206. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नगर पंचायत, रानीगंज में वार्ड नम्बर 17 और वार्ड नम्बर 14 के बीच फरियानी नदी बहती है, जो नगर पंचायत, रानीगंज को दो भागों में विभाजित करती है, जिसमें सालों भर पानी रहता है, परन्तु फरियानी नदी के कदम घाट में पुल नहीं रहने के कारण रानीगंज पहुँचने के लिये वार्ड नम्बर 14 के लोगों के साथ-साथ बगुलाहा, कोसिकापुर उत्तर, कोसिकापुर दक्षिण, परसाहाट, बेलसरा, हरिपुरकला, वीरनगर पूरब आदि पंचायत के लोगों को 7 किलो मीटर घुमकर आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फरियानी नदी के कदम घाट में पुल निर्माण कर लोगों का यातायात सुलभ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खेतों में पानी पहुँचाना

*207. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखंड के श्रीराम हरि उच्च माध्यमिक विद्यालय, पभेड़ा के सटे दक्षिण पईन का अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण किसानों का खेत पटवन एवं जल निकासी बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए किसानों के खेतों तक पानी कबतक पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*208. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम शहरी क्षेत्र में आए दिन जाम की समस्या को देखते हुए आरा-सासाराम पथ के मोकर कैनाल पुल से बभनपूरवा-नहौना होते हुए पुरानी जी0टी0 पथ के अमरा तालाब तक कुल 13 कि0मी0 पथांश लंबाई में कार्य प्रस्तावित है, जिसका निर्माण कार्य कराने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र के लिए प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग द्वारा पत्रांक 9928 (S), दिनांक 30 अक्टूबर, 2017 को प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को दिया गया है, जिसे ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक-2711, दिनांक 8 मार्च, 2018 द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र भी दे दिया है, लेकिन निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का नवनिर्माण

*209. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर निगम अन्तर्गत ग्राम कठडिहरी से काली मंदिर के पूरब विराजपुर रोड, जिसकी लंबाई 01 कि0मी0 है, जो बहुत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को नए सिरे से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*210. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड-सह-अंचल परिसर में बने पुराने भवन जर्जर हो गए हैं, जिसके कारण प्रतिदिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन पुराने जर्जर भवनों के स्थान पर प्रखंड परिसर में मॉडल स्तरीय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*211. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के उदेश स्थान नहर परियोजना के अन्तर्गत एकंगर सराय प्रखंड के ग्राम-गोमहर में नहर का जीर्णोद्धार लगभग 2 वर्ष पूर्व हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-गोमहर में नहर के दक्षिण तरफ के फ्लैंक में एक फूट भी जमीन नहीं छोड़ा गया है तथा नहर के किनारे बिल्कुल सटाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध कच्चा-पक्का निर्माण कर पानी के अविरल बहाव को बाधित किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नहर के दोनों फ्लैंक को मानक के अनुरूप बनाने का एवं नहर किनारे को अतिक्रमण से मुक्त कराकर पानी का अविरल बहाव बनाये रखने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*212. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलांतर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड के राजीपुर से जीतन छपरा जाने वाले कच्ची सड़क का वर्षों से पक्कीकरण नहीं हुआ है, जिसकी वजह से आस-पास के कई गांवों की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार राजीपुर से जीतन छपरा तक की सड़क का पक्कीकरण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*213. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रम्हपुर प्रखण्ड में भादा मेन रोड से पहाड़ीचक तक 03 कि0मी0 सड़क नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पर भादा भंसारी, नई बस्ती, पुरानी बस्ती पड़ता है और आजादी के 75 वर्षों के बाद भी उक्त ग्राम में सड़क नहीं बना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नए सिरे से सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*214. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दावत प्रखण्ड के लहठान लाईन में रामनगर एवं सकरी के बीच एवं दिनारा प्रखंड के रमडीहा एवं छत्रधारीगंज के बीच में पुल नहीं होने से ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्थानों पर नदी पार करते समय हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती है, जिसके लिए सरकार से काफी दिनों से ग्रामीणों द्वारा पुल बनाने की मांग की जाती रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित दोनों स्थानों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई व्यवस्था करना

*215. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखंड के असरगंज बस स्टैंड से निकलने वाली खैराती खाड़ नहर के पिछले कई वर्षों से बंद होने के कारण सजुआ, सती स्थान एवं मासुमगंज सहित कई गांवों के किसान सिंचाई से प्रत्येक वर्ष वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर को कार्यान्वित करते हुए किसानों को सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*216. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड अगिआंव के अगिआंव लासाढ़ी शहीद स्मारक होते हुये भीखमपुर जाने वाली सड़क एवं नारायणपुर से सितुहारी जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड अगिआंव के बरूना नोनउर मेन रोड से जनकपुर दलित टोला बरूना तक पहुँच पथ नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*217. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखण्ड अन्तर्गत कुबौल ढांगा पंचायत के कुबौल गाँव से पश्चिम गेहुंआ नदी पर पुल नहीं रहने के कारण जनसमुदाय को आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कुबौल गाँव से पश्चिम गेहुआं नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्लुईस गेट का निर्माण

*218. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा प्रखंड अंतर्गत मौदह एवं डायन छपड़ा पंचायत के बीच नहर में स्लूईस गेट नहीं होने से किसानों को कृषि में सिंचाई संबंधित कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों के बीच स्लूईस गेट का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य प्रारंभ करना

*219. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढी (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नगर परिषद् मसौढ़ी के उलार पाली पथ, जीरो माईल से मसौढ़ी बाईपास रेलवे गुमटी तक पथ का अधिग्रहण वर्ष 2018 में नगर परिषद् मसौढ़ी से पथ निर्माण विभाग द्वारा कर ली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ का अधिग्रहण होने के बावजूद भी आजतक पथ का निर्माण नहीं हो सका, जिसके कारण आवागमन बाधित है तथा आमजनों को परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य, पथ निर्माण विभाग द्वारा कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना

*220. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत शंभुगंज, प्रखण्ड के पकडिया पंचायत के ग्राम चौतरा में गहरा नदी पर पुल नहीं होने के कारण नदी के दोनों ओर बसे लगभग पाँच हजार लोगों को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार चौतरा में गहरा नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*221. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत प्रखंड चेवाड़ा के ग्राम कुशोखर पासवान टोला जाने वाली सड़क एवं प्रखंड शेखपुरा के ग्राम जमुआरा जाने वाली कच्ची सड़क जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम कुशोखर पासवान टोला एवं ग्राम जमुआरा जाने वाली सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

करहा का निर्माण

*222. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखंड के माली रजवाहा के आकौनी कटहरिया के बीच से निसृत रेपुरा करहा जर्जर एवं जीर्ण शीर्ण अवस्था में रहने से सिंचाई कार्य करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित करहा का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का चौड़ीकरण

*223. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत चनपटिया प्रखण्ड कार्यालय के टिकुलिया चौक से घोघा चौक होते हुये सरिसवा बाजार तक जाने वाली सड़क पर यातायात अत्याधिक है एवं इस पथ की चौड़ाई कम होने के कारण यातायात में लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक टिकुलिया चौक से घोघा चौक होते हुये सरिसवा बाजार तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का पुनर्निर्माण

*224. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड के आबादपुर बस स्टैंड से आबादपुर हाटकोला, सोनापुर, धर्मपुर सोहार गाँव होते हुये हरनोई गाँवों तक जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग का पथ 2017 के बाढ़ में ही ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सड़क का अभीतक पुनर्निर्माण नहीं होने से आबादपुर उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उच्च मदरसा, उप-स्वास्थ्य केन्द्र, थाना तथा हाट बाजार तक आने-जाने में पाँच पंचायतों की लगभग 50 हजार जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*225. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड के बरसियांव ग्राम के तालाब का जीर्णोद्धार जल-जीवन हरियाली के तहत प्राकलित राशि अंके० 91,45,500 (इक्यानवे लाख पैतालीस हजार पाँच सौ) रुपये से दिनांक 22 नवम्बर, 2022 को कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाब का जीर्णोद्धार संवेदक श्री जय प्रकाश के टेली संवेदक श्री कारू सिंह द्वारा कराया गया है, जिसमें तालाब की खुदाई प्राक्कलन के अनुसार 1.80 मीटर न कर 1.00 मीटर, तालाब खुदाई की मिट्टी, ईंट, भाड़ा पर निजी व्यक्ति को बेच दिया गया है और प्राक्कलन के अनुसार जीर्णोद्धार नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त तालाब की खुदाई में हुयी अनियमितता की जाँच कराकर दोषी संवेदक एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*226. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के मानिकपुर ग्राम पंचायत वार्ड नं०10 स्थित सरेया में सत्यनारायण दास के घर से छोटे लाल दास के घर तक ब्रिटिश काल से आजतक कच्ची सड़क है जिससे वहां की जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*227. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत बिक्रमगंज प्रखंड में सलेमपुर से धावा पुल होते हुये डुमरांव नहर लाइन गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर लाइन के किनारे बनी सड़क जर्जर होने से पैदल चलने लायक भी नहीं रह गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस नहर लाइन के रास्ते करियवा बाल अविस्थत अनुमंडल व्यवहार न्यायालय एवं उपकारा बिक्रमगंज तक जाना होता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*228. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बीरपुर प्रखंड के गेन्हरपुर पंचायत में अवस्थित बलान नदी पर पुल नहीं रहने के कारण राहगीरों को लगभग 6 किलो मीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर दूसरे मार्ग से जाना पड़ता है, साथ ही बेगूसराय एवं तेघड़ा विधान सभा क्षेत्रों के राहगीरों को भी आवागमन

में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*229. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज मुख्यालय से एन०एच० 327ई को जोड़ने वाली बागी पथ, दारूल उलूम सड़क, सिकटेहार सड़क रामपुर सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों को टेंडर योजना संख्या MR-N-2223 किशनगंज 01/04 दिनांक 10 अगस्त, 2022 तथा विभागीय आदेश पाँच महिना पूर्व होने के उपरान्त भी संवेदक द्वारा एग्रीमेंट नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं; तो क्यों ?

-----------

स्लूईस गेट का निर्माण

*230. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया शहर में अवस्थित नगर सुरक्षा बाँध जो 30 फिट चौड़ी है, जो बलुवाही से लेकर बखरी रेलवे क्रॉसिंग तक अवस्थित है, जिस पर लोगों द्वारा वाहन सहित आवागमन किया जाता है, परंतु बाँध का उपरी भाग कच्चा रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार खगड़िया शहर में अवस्थित नगर सुरक्षा बाँध के ऊपरी सतह पर पक्की सड़क सहित स्लूईस गेट निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ की पक्कीकरण

*231. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के सुपौल प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत वीणा के वीणा रोड सहनमा टोला कामेश्वर राय घर के निकट से सुपौल परसरमा वाईपास रोड कदम के पेड़ तक सड़क निर्माण नहीं होने के कारण हजारों की आबादी को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*232. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मझवे दर्शन नाला पथ का निर्माण बिहार राज्य पथ निगम द्वारा कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है, और घटिया मैटेरियल का इस्तेमाल हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*233. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के डीहपाली से निरखपुर तक एवं रेगनियाडीह से चंढोस मठिया तक की कच्ची सड़क का वर्षों से पक्कीकरण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस वजह से उक्त गाँवों के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*234. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड अतरी के गया-टेउसा मुख्य पथ में ग्राम-डिहुरी से ग्राम-पचोई तक सड़क गुजरी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क को आजादी के बाद आजतक कालीकरण नहीं कराया गया है, जिसके कारण आमजन को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*235. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बायसी (पूर्णियाँ) अन्तर्गत अमौर प्रखंड के रहरिया-कमालपुर से अधाग जानेवाली सड़क अबतक कच्ची है, सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से आस-पास के गाँव के लोगों को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घरों को कटाव से बचाना

*236. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत लखनपुर पंचायत के बेलगच्छी गाँव के 300 घर महानन्दा नदी के पश्चिमी किनारे पर कटने के कगार पर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त घरों को कटाव से बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

फ्लाई ओवर का निर्माण

*237. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत NH-80 स्थित घण्टाघर चौक, भागलपुर से भागलपुर स्टेशन होते हुये मुस्लिम हाई स्कूल, तातारपुर तक एवं जवाहर सिनेमा हॉल, नाथनगर से नाथनगर बाजार होते हुये चम्पानाला पुल तक फ्लाई ओवर का निर्माण कराकर भागलपुर शहर को होने वाले जाम से मुक्त कराने की माँग पिछले सात सालों से विभाग से की जा रही है, परंतु अभीतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर फ्लाई ओवर का निर्माण कराकर भागलपुर शहर को जाम से निजात कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*238. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नगर पंचायत, रानीगंज में रानीगंज थाना से पूरब वार्ड नम्बर 10 एवं वार्ड नम्बर 18 के बीच कमताहा धार है जिसके दोनों ओर पक्की सड़क का निर्माण हो गया है, धार में आषाढ़, श्रावण, भादो, आश्विन, कार्तिक और अग्रहायण महीने तक अत्यधिक पानी रहने से वार्ड नम्बर 18 के 2500 बसावट के लोगों के साथ-साथ तमघट्टी, नरकी, पोठिया, उफरैल आदि गाँव के लोगों को आने-जाने हेतु धार में पुल नहीं रहने के कारण सीधा आवागमन बाधित हो जाता है और रानीगंज पहुँचने के लिये लोगों को 5 किलो मीटर घूमकर आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त धार पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*239. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत गम्हरिया नहर चौक रक्सौल से गम्हरिया बाजार आदापुर सड़क दो प्रखंडों की लाइफ लाइन है, जो विगत 5 वर्षों से जर्जर अवस्था में होने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का निर्माण

*240. ई0 शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड सुगौली के पंचायत लाल परसा में सिकरहना नदी पर बाँध क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण प्रतिवर्ष 15 पंचायतों का फसल नष्ट हो जाता है जिसका मुआवजा सरकार को लगभग 10 करोड़ चुकाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर बाँध का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*241. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सड़क की मरम्मती/पक्कीकरण करने का प्रावधान किया गया है, परन्तु बिक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत NH-139 से ग्राम-छोटकी कोपा खुर्द तक सड़क जर्जर हो जाने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सम्पर्क सड़क की मरम्मती/पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध निर्माण कराना

*242. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अंतर्गत झमटा पंचायत से महिषाकोल गाँव में स्कूल से पश्चिम वर्ष 2017 में आयी प्रलयंकारी बाढ़ में कोशी नहर का बांध लगभग डेढ़ सौ मीटर टूट गया था, जिसके तटबंध का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है, जिसके कारण प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि एवं मानव जीवन प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान पर बाँध निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*243. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत महाराजगंज कार्य प्रमंडल के लकड़ी नवीगंज प्रखंड में दरदिया बी0टी0 रोड से इमिलिया मोड़ तक सड़क का निर्माण एम0आर0 3054 शीर्ष योजनान्तर्गत संवेदक प्रमोद कुमार सिंह द्वारा किया गया था, जिसका अनुरक्षण अवधि 30 जून, 2023 तक है, उक्त रोड के शेष पार्ट (6.3 कि0मी0) का निर्माण PMGSY अन्तर्गत संवेदक साई अम्बे आर्गनाईजर प्रा0लि0, मेहसाना, गुजरात द्वारा किया गया था, जिसका अनुरक्षण अवधि 05 मार्च, 2024 तक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों के संबंधित संवेदकों द्वारा रख-रखाव नहीं किये जाने से दोनों सड़क जर्जर हो गयी है जिससे दुर्घटनाएं होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संवेदकों को दी जानेवाली पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि की राशि प्राप्त कराते हुए इस राशि से उक्त दोनों सड़कों का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क-सह-नाला का निर्माण

*244. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बथनाहा के वीरपुर चौक से दिपौल तक बनी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे क्षेत्र के आमजनों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सड़क का पीसीसीकरण एवं चौड़ीकरण के साथ दोनों ओर नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*245. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मटिहानी विधान सभा अंतर्गत शाम्हो, अकहा, कुरहा प्रखंड के सूर्यगढ़ा, सोनवर्षा पथ में बिजुलिया से लगभग 3 किलो मीटर की दूरी पर अवस्थित 80 मीटर की उच्चस्तरीय पुल का निर्माण नहीं होने के कारण वहां के बसावट को संपर्कता प्रदान नहीं हो पा रही है और इससे वहां के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*246. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत SH पूर्णियाँ सिटी भाया सनौली चौक, वीरपुर लोखडा पथ मालदा बंगाल जानेवाली बेलौरी-सनौली पथ को जोड़ती है, जिसकी चौड़ाई कम रहने एवं सड़क जर्जर रहने के कारण जाम की समस्या से स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त SH पूर्णियाँ सिटी से भाया सनौली, वीरपुर, लोखडा पथ का चौड़ीकरण तथा जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*247. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड अंतर्गत गैयारी पंचायत अंतर्गत अररिया, जोकीहाट मार्ग में सिसौना मुख्य सड़क से (भारत मोटर रोड) रहमानी मदरसा होते हुए मनौब्बर नगर, इस्तमा टोला तक सड़क नहीं है, जिससे मुख्य सड़क (भारत मोटर रोड) पर जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान में सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*248. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलांतर्गत ओबरा प्रखंड के बेल बराही पथ से नरौला कलेन पथ जानेवाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*249. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सड़क की मरम्मती/पक्कीकरण करने का प्रावधान किया गया है, परन्तु बिक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत पतुत बेरर रोड से ग्राम-कटारी तक सड़क जर्जर हो जाने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सम्पर्क सड़क की मरम्मती/पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*250. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल हरनौत अन्तर्गत नगरनौसा प्रखण्ड में रामघाट डियामा PWD पथ से ग्राम खड्सरीया तक ग्रामीण सड़क का टेंडर हुये 4 वर्ष हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक एवं विभाग के पदाधिकारियों के लापरवाही के कारण उक्त पथ का निर्माण अभीतक शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संबंधित संवेदक एवं ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

बाँध का जीर्णोद्धार

*251. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर प्रखंड के हरपुर ग्राम निकट बिबियाँ बाँध के सुरक्षा दीवार के लगभग 10 वर्षों से क्षतिग्रस्त होने के कारण लगभग 500 एकड़ भूमि पर किसानों को खेती के लिये पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का निर्माण

*252. श्री सैयद रूकननुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बायसी प्रखण्ड के भोरापुर से सकरवलिया चनटोला तक 8 कि०मी० सड़क जर्जर स्थिति में है, तथा आएदिन दुर्घटनाएँ घटित होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को नये सिरे से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*253. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड में एन०एच० चन्द्रहट्टी आशा सिंधु बनिया टोला होते हुये अकराहा मुख्य सड़क तक जाने वाली सड़क जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

औचित्य बतलाना

*254. श्री प्रकाश वीर (क्षेत्र संख्या-235 रजौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के गर्दनीबाग मुहल्ला में रोड नं० 15 से रोड नं०01 तक पथ एवं नाला का निर्माण वित्तीय वर्ष 2021-22 से आरंभ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोड नं० 6/सी के पास हनुमान मंदिर के निकट की जमीन को असामाजिक तत्वों के द्वारा अतिक्रमण किये जाने के कारण सड़क की चौड़ाई प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये सड़क की चौड़ाई प्राक्कलन के अनुसार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

तालाब की उड़ाही एवं सौन्दर्यीकरण

*255. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पांच एकड़ में बड़े ताला के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य लघु जल संसाधन विभाग द्वारा किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बसोपट्टी प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित ऐतिहासिक बभानदेई तालाब जिसका रकबा 27 एकड़ से अधिक है, जिससे गाद भर जाने के कारण अपना अस्तित्व खोता जा रहा है, साथ ही आम उपयोग के लिये गर्मी के दिनों में पानी की उपलब्धता नगन्य हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त ऐतिहासिक तालाब की उड़ाही एवं सौन्दींकरण कराकर जल संरक्षण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*256. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के भदासी एन०एच० 110 से भदासी फखसरपुर सड़क एवं रामपुर चौरम रोड से सरौती सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण सड़कों पर भारी वाहनों के चलने के कारण सड़क खराब हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भदासी फखसरपुर एवं सरौती गाँव वाली सड़क पथ निर्माण विभाग की तरह गुणवत्ता वाली सड़क कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*257. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर) क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत अथरी बाजार से रैणविषणु पंचायत होते हुये खरका पंचायत तक की सड़क जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन बाधित होने से आमलोगों में आक्रोश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*258. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड अन्तर्गत रामपुर मोहनपुर पश्चिमी पंचायत में खलीलाबाद जाने वाली सड़क में पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*259. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास (सासाराम) जिला के दिनारा विधान सभा में ठोरा नदी पर डोमडीहा ग्राम-कपास आर०डब्ल्यू०डी० से दोनों तरफ रोड बन गया, पर पुल नहीं होने के कारण आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर नदी पर पुल नहीं होने से नदी पार करते समय दुर्घटनाएँ होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ठोरा नदी पर डोमडीहा ग्राम के पास कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अन्य विकल्प तलाशना

*260. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखण्ड सर्किल नंबर 1 में गाद होने के कारण स्लूईस गेट से पानी नहीं निकलने से हजारों एकड़ जमीन पर जल-जमाव की वजह से खेती स्थायी रूप से बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य एवं माननीय मंत्री द्वारा विभाग की एक टीम के साथ उक्त स्थल का मुआयना दिनांक 28 मार्च, 2023 को किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गोगरी प्रखण्ड सर्किल नम्बर 1 में अवस्थित स्लूईस गेट के गाद की सफाई के साथ कृषक हित में अन्य विकल्प की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*261. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखण्डाधीन कालपोर पंचायत के घोकरझाड़ी बीबीगंज ग्राम-नेपाल सीमा से सटा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजादी के 75 वर्ष के बाद भी किसी प्रकार का सड़क नहीं होने से उक्त ग्राम वासी नारकीय जीवन जीने को विवश हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बीबीगंज सरकार भवन से घोकरझाड़ी ग्राम होते हुये लोहागाड़ा पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क तक सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*262. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा प्रखण्ड के भिरहा पूरब पंचायत के शाहपुर गांव में रोसड़ा प्रखंड एवं शिवाजीनगर प्रखण्ड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों प्रखंडों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क आर०डब्ल्यू०डी० द्वारा बनकर पूर्व से तैयार है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दोनों प्रखंडों के बीच एक पुल का निर्माण नहीं होने से सड़क बाधित है और आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*263. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ईशुआपुर प्रखंड के रामपुर अटौली पंचायत के ग्राम-महुली में खेल मैदान में वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा के वर्क कोड 0509018/ई०डी० 20384740 के तहत मिट्टीकरण कार्य को दिनांक 12 जनवरी, 2023 से कार्य आरंभ दिखाते हुये लगभग नौ लाख रुपये की निकासी की गयी है, जबकि ईशुआपुर प्रखंड के पंचायत रामपुर अटौली के ग्राम-महुली में कोई खेल मैदान नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में मनरेगा के तहत किये गये फर्जी कार्यों के आधार पर सरकारी राशि के घोटाले में संलिप्त दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*264. श्रीमती रेणु देवी (क्षेत्र संख्या-8 बेतिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत पश्चिमी नयागाँव पंचायत के नया गाँव के अधीन टी०5 से नयागांव ब्रहमचारी टोला (पैकेज सं० बी०आर० 10 आर 291) मात्र 0.996 कि०मी० तक सड़क निर्माण वर्ष 2014 में 724885.00 (बहत्तर लाख अड़तालिस हजार आठ सौ पचासी) रुपये की लागत से निर्माण कराने हेतु एसके कंस्ट्रक्शन एंड कम्पनी रानीपुर, दरभंगा को कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, दरभंगा के द्वारा कार्य दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रस्तावित सड़क को प्रस्तावित जगह पर नहीं बनाकर संवेदक द्वारा पूर्वी नयागांव पंचायत के अधीन फूलकाहि ग्राम के अपना चौक से कमलपुर होते हुये बनाया गया, जिसमें भी करीब 500 मीटर छोड़ दिया गया, जिसके चलते सड़क मुख्य सड़क में नही जुड़ पाई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर 500 मीटर बचे हुये सड़क का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*265. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धी प्रखण्ड के उज्जैन लोहियार ग्राम पंचायत स्थित रामनगर उर्दू विद्यालय से मल्लाही टोला वार्ड नं० 9 होते हुये रामउदार सिंह के घर जानेवाली सड़क आजतक कच्ची है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*266. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत कटोरिया प्रखंड के कटियारी पंचायत में पोखरिया ग्राम के पास कुम्हरवाग नदी एवं कधार ग्राम के पास चांदन नदी तथा जयपुर पंचायत में डहरंगी कानीबेल के बीच सुखनिया नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को लम्बी दूरी तय करना पड़ता है, जिससे ग्रामीण जनता में सदैव रोष व्याप्त रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदियों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का निर्माण

*267. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखण्ड इटाढ़ी के बिझौरा पुल से अतरौना भाया सिकटौना पथ की लम्बाई 03 कि०मी० है, यह सड़क जर्जर हो जाने के कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है तथा आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को नये सिरे से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जन-प्रतिनिधि का बकाया भत्ता का भुगतान

*268. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया, सरपंच, जिला परिषद्, पंचायत समिति एवं समस्त त्रिस्तरीय पंचायती राज जन-प्रतिनिधियों को विधिसम्मत यात्रा भत्ता देने का राज्य सरकार द्वारा संकल्प पारित हुआ था, जबकि त्रिस्तरीय पंचायती राज के जन-प्रतिनिधियों का बकाया यात्रा भत्ता भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार त्रिस्तरीय पंचायत राज्य के जन-प्रतिनिधि का बकाया भत्ता का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*269. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड में नरहा से मुंशी चौक और बैजनाथपुर से छपरा सड़क लगभग 10 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*270. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा कार्य प्रमंडल के अधीन दो विधान सभा क्षेत्र को जोड़ने वाली बिजवार प्राथमिक विद्यालय से महिषी तक सड़क, जिससे तकरीबन पाँच गांवों के लोगों की आवाजाही होती है, की स्थिति खराब है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*271. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (इंजीनियरिंग कॉलेज), हुलासगंज के भवन के निर्माण कार्य में घोर लापरवाही एवं अनियमितता की गई है और वर्कशॉप का गेट निर्माण तथा चहारदीवारी के अन्दर खेल मैदान का समतलीकरण का कार्य नहीं किया गया है, साथ ही सभी खिड़कियों का शीशा लोहा का फ्रेम लगाकर मिट्टी से साट दिया गया है जिससे शीशा टूटने से छात्र-छात्राओं के घायल होने का खतरा हमेशा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अधूरे कार्यों को पूरा कराने, अल्युमीनियम का फ्रेम युक्त खिड़कियों में शीशा लगाने तथा भवन के निर्माण कार्य में हुई अनियमितता की उच्चस्तरीय जांचकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी का निकासी करना

*272. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल प्रखण्ड अन्तर्गत सुपौल एवं बिरौल पंचायत तथा गौड़ाबौराम प्रखण्ड आसी एवं गौड़ा मानसिंह पंचायत के लगभग दस हजार एकड़ भू-खण्ड में सालों भर बाढ़ के पानी से जल-जमाव दरियार चौर में रहने से कोई फसल नहीं उगाई जाती ;

(2) क्या यह बात सही है कि जल संसाधन विभाग दरियार चौर से जल की निकासी करते हुए बिरौल प्रखण्ड के ठीका धार में गिराने के लिए वर्ष 2022-23 में सर्वे का कार्य किया गया है, जबकि पानी गिराने हेतु बनने वाली नहर में 90 प्रतिशत सरकारी एवं 10 प्रतिशत निजी जमीन के कारण दरियार चौर के पानी का निकासी नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निजी जमीन का अधिग्रहण कर उक्त चौर से पानी का निकासी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*273. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत एम0एम0जी0एस0वाई0 योजना के तहत प्रखंड बाजपट्टी के कुरथहिया स्कूल से मधुरापुर पथ का निर्माण अवध मिथिला कंस्ट्रक्शन द्वारा ग्रामीण कार्य प्रमंडल, पुपरी के देख-रेख में कराया गया था, कार्य को पूर्ण हुए अभी तीन वर्ष भी नहीं हुआ है और सड़क जर्जर हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण में संवेदक एवं संबंधित विभागीय अभियंताओं के मिलीभगत के कारण कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य में की गई अनियमितता की जाँच एवं संवेदक तथा पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला एवं करहा का निर्माण

*274. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर निगम अन्तर्गत ग्राम वार्ड नं0 37 में दुर्गावती जलाशय परियोजना के अन्तर्गत माईनर नाला एवं करहा नहीं होने से ग्रामीण जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में माईनर नाला एवं करहा का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बच्चों को लाभान्वित करना

*275. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले में जनवरी, 2020 से लेकर मई, 2023 तक बाल श्रम तथा चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिचुएशन योजना के तहत विमुक्त किये गए सभी बच्चों को उपस्थापन समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया तथा समिति द्वारा पारित आदेश से बच्चों को लाभान्वित नहीं किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन बच्चों को पी0 एम0 केयर फण्ड से मिलने वाली सुविधा का भी लाभ नहीं दिया गया और इन्हें मुख्यधारा से जोड़ते हुए मुलभूत सुविधा भी प्रदान नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाल श्रम से विमुक्त बच्चों को उपर्युक्त वर्णित योजनाओं का लाभ देते हुए इन बच्चों को इनके अधिकारों से वंचित करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*276. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के अरवल प्रखण्ड के खभैनी, बारा, सरवपुर, बाजीतपुर, फतेहपुर संडा समेत दर्जनों गांवों में नाला का निर्माण कर गाँव के अँतिम छोर तक तालाब, आहर अथवा पईन तक नहीं मिलाये जाने के कारण गली एवं सड़क पर पानी लगा रहता है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गांवों में नाला का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का रेनोवेशन कराना

*277. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या 87 जाले)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड के मरखैया-गौतम कुंड खिरोई नाला तथा रजोखर-पोखर गौतम कुंड नाला का रेनोवेशन कार्य लम्बे समय से नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला के रेनोवेशन नहीं होने से आस-पास के गांवों में हमेशा जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नाला का रेनोवेशन कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*278. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत इस्लामपुर प्रखंड अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत वर्ल्ड बैंक द्वारा सम्पोषित योजना के अन्तर्गत मकसूदपुर के कल्याणपुर एवं चमरबिगहा तथा इस्लामपुर राजगृह रोड से सैफाबाद तक सड़क-सह-पुल का निर्माण की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2020-21 में शुरू किया गया है, लेकिन 3 वर्ष बीतने के बाद भी मकसूदपुर से कल्याणपुर एवं चमरबिगहा गाँव का सड़क तथा पुल निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, साथ ही प्राक्कलन के अनुसार सीमेंट, बालू, छड़ तथा गिट्टी का उपयोग भी नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क-सह-पुल निर्माण में की गयी अनियमितता की जाँच कराते हुये दोषी संवेदक एवं पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जल निकासी कराना

*279. श्री वीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत रोसड़ा विधान सभा के सिंघिया प्रखण्ड के लिलहौल पंचायत के वार्ड संख्या 03 से वार्ड संख्या 10 तक एस०एच०88 के दोनों तरफ नाला का निर्माण कराया गया था, परन्तु नाले में जल का निकासी के लिये द्वारा नहीं रहने के कारण नाले का पानी सड़क पर सालों भर फैला रहता है, जिससे आवागमन एवं तरह-तरह की बीमारियाँ फैलने से आमजन को प्रभावित होना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सिंघिया प्रखंड के वर्णित स्थान पर नाले में जल निकासी द्वार कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का निर्माण

*280. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या 202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखण्ड राजपुर के हेटुआ सिसराढ़ से बिजौली तक पथ की लम्बाई 03 कि०मी० है, यह सड़क जर्जर स्थिति में हो जाने के कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है, तथा आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को नये सिरे से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का पक्कीकरण

*281. श्री इजहारुल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखण्ड के सारोगोड़ा पंचायत में पोठिया, चिचुआबाड़ी RCD पथ में सारोगोड़ा मजार चौक से कुसियारी पंचायत भवन तक पक्की

सड़क नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का चौड़ीकरण

*282. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ प्रमंडल, झंझारपुर के अन्तर्गत ठेंगहा-मधेपुर पथ (5.60 कि०मी० एवं मधेपुर-अंधराठाढ़ी पथ (35 कि०मी०) अत्यधिक संकीर्ण एवं जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह पथ चार विधान सभा एवं एन०एच० 27 (पूर्व एन०एच० 57) व 527A को जोड़नेवाली मार्ग है, जिसपर लगातार वाहनों के आवागमन से जाम लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ठेंगहा-मधेपुर एवं मधेपुर-अंधराठाढ़ी पथ कुल 40.60 कि०मी० पथ को एकीकृत करते हुये 7 मीटर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

मानदेय का भुगतान

*283. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के पंचायत सचिवों को विगत 19 माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत सचिव के मानदेय की राशि रु० 6,000 है, जो न्यूनतम मजदूरी से भी कम है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पंचायत सचिवों का 19 माह से बकाया मानदेय का भुगतान करने एवं उनके मानदेय बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का पुनर्निर्माण

*284. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा-माली पथ का शेष भाग दशवत बिगहा से माली तक का लगभग 1.5 कि०मी० पथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने की वजह से वाहनों और यात्रियों को चलने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त शेष पथ का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क की मरम्मती

*285. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर प्रखंड अन्तर्गत यादव चौक ईजरा स्टेट बोरिंग पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क से राम प्रताप राय के घर होते हुये साहू टोला तक गदाई सराय पंचायत के चकनूर बजरंग वली चौक से रामजी राय चकईमा के घर तक, कर्णपुरा चौक से सहदुल्लाहपुर, चकफूल तथा एन०एच० 103 कोल्ड स्टोरेज के पास से सुल्तानपुर होते हुये कर्णपुरा चौक तक की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिसके कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार हाजीपुर प्रखंड अन्तर्गत उक्त सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मती एवं जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*286. श्री विद्‌या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा में प्रधानमंत्री सड़क योजना फेज-3 अंतर्गत स्वीकृत तीन प्रमुख सड़के यथा-

1. फारबिसगंज से अम्हारा, खवासपुर होते हुये मुड़बल्ला तक,

2. एम०पी०एस० स्कूल से जागीर परासी चौक तक

3. कोठीहाट से पिपरा होते हुये हटेवा बॉर्डर तक, जिसका निविदा प्रक्रिया लगभग आठ महीने से प्रस्तावित है, सड़क जर्जर हो चुका है, जिससे क्षेत्र के लाखों किसान सहित आमजनों को अवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित प्रधानमंत्री सड़क योजना फेज-3 अंतर्गत स्वीकृत तीन प्रमुख सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*287. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत हरिहरनाथ पहलेजा घाट पी०डब्लू०डी० सड़क में दलित बस्ती, हजाम टोली जहागीरपुर के सामने, जैतिया, नगर पंचायत वार्ड नं० 2 प्रवेजावाद एवं गोविंदचक पहलेजा घाट जे०पी० सेतु सड़क में वार्ड नं० 5 के पास सालों भर जल-जमाव रहता है, जिससे सड़क के किनारे आवासित लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर जल निकासी हेतु नर नाला निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*288. श्री कुमार शैलन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के बभनगामा में पंचायत सरकार भवन है, परन्तु पंचायत सरकार भवन के पास पानी निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण यह भवन लगभग छः माह बरसात के पानी से डूबा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन के पास जल निकासी की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुलिया का निर्माण

*289. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अन्तर्गत बेलादी नीलकंठ पंचायत से घनुषी पंचायत तक की सड़क पर खोपा ग्राम में जल निकासी हेतु पुल का प्रावधान नहीं किया गया जिससे बाढ़/बरसात के समय सड़क पर जल-जमाव की समस्या हो जाती है एवं आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के खोपा ग्राम में पी०सी०सी० पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*290. श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अन्तर्गत

चन्द्रसेनपुर से होते हुये जफरा तक जाने वाली सड़क की स्थिति जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*291. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत प्रखंड अरियरी अन्तर्गत करिमाबिघा मोड़ से ग्राम मसोढ़ा तक एवं महुली चोरवा पथ से ग्राम वरुणा होते हुये ग्राम धढसी तक जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*292. श्री कृष्णा कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमण्डल धमदाहा अन्तर्गत बड़हरा कोठी से जीवछपुर जाने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर रहने के कारण आवागमन में वाहनों से जाम लगा रहता है, जिसके कारण ग्रामीणों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आवागमन को सुगम बनाने के लिये उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*293. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के थतिया कुम्हार टोला होते हुये मुस्लिम टोला तक सड़क जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना:
दिनांक 12 जुलाई, 2023 (ई०) ।

पवन कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु०-20 (एल०ए०), 2023-24 डी०टी०पी०-550